<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 जून 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के योगदान की चर्चा की, कहा–विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय रूप से शामिल हो रही है भारत की नारी शक्ति।
- एनडीए सरकार के सफलतम ग्यारह वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई, कहा–प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने निरंतर नये आयाम स्पर्श किये हैं।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान दो हजार पचीस के तहत मुख्यमंत्री ने मक्का की फसलों का हवाई सर्वेक्षण किया, किसानों से संवाद कर नई तकनीकों को अपनाने और आय बढ़ाने के लिए किया प्रेरित।
- प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए कल से होंगे ऑनलाइन आवेदन।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उदाहरण प्रस्तुत कर रही है और विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो महत्वपूर्ण है। इनमें स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से नारी सम्मान सुनिश्चित करना, जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन और जमीनी स्तर पर नारी सशक्तिकरण शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कई घरों की रसोई धुंआ मुक्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि मुद्रा ऋणों से लाखों महिलाओं का उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित एनडीए सरकार के सफलतम ग्यारह वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषि उत्थान, नवोन्मेष, विरासत का संरक्षण, विकास की गति, सांस्कृतिक पुनरूत्थान, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के निरंतर नए आयाम स्पर्श किये हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

**********

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इसी श्रृंखला में आज प्रस्तुत है नारी शक्ति की यात्रा पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट–

**सरकार की प्रमुख पोषण योजना मिशन पोषण का दूसरा चरण बच्चों, किशोरियों और माताओं पर केंद्रित है। इसका मुख्य हिस्सा पोषण अभियान है, जिसे 2018 में शुरू किया गया था। दो लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए सुधारा जा रहा है। इसके तहत पोषण भी, पढ़ाई भी जैसी योजनाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी प्री–स्कूल शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण देती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं ने खासकर गांवों और पिछड़े इलाकों में सुरक्षित प्रसव और मां की देखभाल सुनिश्चित की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा में सुधार हुआ है। उज्ज्वला योजना के जरिए 10 करोड़ से ज्यादा रसोई गैस कनेक्शन दिए गए, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिली। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाया है, जिससे पानी लाने का बोझ भी कम हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल में दाखिले की दर 75.5 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.2 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए हैं, जिससे बेटियों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। तीन तलाक को खत्म करना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है, लैंगिक न्याय और भागीदारी की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।**

**********

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी की अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कल दिल्ली पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के कड़े संदेश को आगे बढ़ाया। यात्रा से लौटने के बाद श्री रविशंकर ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है।

**हर जगह संसद के वरिष्ठ लोग, मंत्रीगण, थींक टैंक, मीडिया और भारतीय कम्युनिटी से बातचीत हुई। भारत के प्रति पहलगाम के बर्बर आतंकवाद के खिलाफ बहुत गुस्सा है और सबोने कन्डेम किया है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित कृषि संकल्प अभियान–दो हजार पचीस के तहत कल चार जिलों में मक्का की फसलों का हवाई सर्वे किया। इनमें कानपुर, औरेया, कन्नौज और हरदोई जिले शामिल हैं। इसके बाद उन्होंने औरैया के अजीत मल में मक्का किसानों से संवाद किया और नई तकनीकों को अपनाने और आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों के भविष्य को संवारने और समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां किसान पहले केवल एक या दो फसलों तक सीमित रहते थे, वहीं आज तीसरी फसल मक्का का पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादन करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान इसी कड़ी का उत्साह है कि हम खेती की लागत को कम करें, उत्पादन बढ़ाएं, उपज को बाजार उपलब्ध करवाएं, किसान को उसकी उपज का अच्छा दाम दिलवाएं, किसान को समय पे बीज मिले, तकनीक मिले और वहाँ अन्नदाता किसान अपने जीवन की खुशहाली के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान दें और प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के अभियान को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का काम करें। यह संकल्प मुझे उत्तर प्रदेश के 20–25 जनपदों में मकई की खेती के माध्यम से देखने को मिल रहा है।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया और बीज मिनी किट का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्रों को अनुदान भी प्रदान किया।

**********

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता और सहायक अध्यापक का स्थानान्तरण–सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली के अंतर्गत शिक्षक कल से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि चौदह जून है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्थानांतरण आदेश भी ऑनलाइन माध्यम से ही जारी किए जाएंगे। इस बीच, सिंचाई विभाग के अभियंताओं का कल पारदर्शी एवं डिजिटल प्रक्रिया से स्थानांतरण किया गया। लखनऊ के परिकल्प भवन में इससे संबंधित कार्यक्रम की अध्यक्षता जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सुल्तानपुर में क्षय रोग नियंत्रण को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आये है। जिले में नब्बे प्रतिशत मरीज अब टीबी मुक्त है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राकेश कनौजिया ने बताया कि जांच के लिये अत्याधुनिक लैब और एक्स–रे कक्ष स्थापित किये गये हैं। चिन्हित मरीजों को छह माह से दो वर्ष तक निःशुल्क दवाएं दी जा रही हैं।

**100 दिवसीय अभियाना चलाया गया जो घर–घर हमारी जो है आशा या हेल्थ वर्कर रूट लेवल पे एक्टिविटी हुई, जिसमें टीबी के जो लक्षण वाले मरीज थे, उनको जब जांच कराई गई और जो भी सामने आये, इसका बहुत बढ़िया परिणाम मिला, उनको हम जल्दी–जल्दी जांच करके हम उनका ट्रीटमेन्ट शुरू कर दिये और उस पेशन्ट को आराम मिला। पहले जो है पांच सो रूपये महीना हर पेशन्ट को ड्यूरिंग ट्रीटमेन्ट मिलता था, लेकिन अब इसके लिए एक हजार रूपये महीना लोगों को मिल रहा है और हमारे यहां सारी दवाईयां उपलब्ध हैं, हर जगह पर उपलब्ध हैं, पेशन्ट सभी प्राप्त कर रहे हैं।**

**********

लोगों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए अमरोहा जिले में विशेष प्रयास हो रहे हैं। वहां के चक छावी गांव की निवासी योग गुरु हितेश चौधरी बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में चल रहे समर कैंप में पहुंच कर योग सिखा रही हैं।

**********